

## कभी ईशान की क्षमता पर भरोसा नहीं खोया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। राजस्थान रायल्स के खिलाफ मिली बड़ी जीत के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने इशान किशन को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा है कि रन नहीं बनाने और कुछ मैचों से इशान किशन के बाहर रहने के बावजूद उन्होंने कभी इशान की क्षमता पर भरोसा नहीं खोया। इशान ने राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में पहले तो एक ओवर बिना रन बनाए जाने दिया, लेकिन फिर ताबड़तोड़ पारी खेलकर 25 गेंदों में नाबाद 50 रन की पारी खेली और टीम को 8.2 ओवर में 8 विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा, हम यहां वो करने आए जो हमें करना था। हमारे लिए दो अंक काफी महत्वपूर्ण थे। हमने जैसे ही राजस्थान को 90 रनों पर समेटा हमारे पास इस मैच को जल्द ही खत्म करने का मौका था। मैच को जीतना जरूरी था। हमने स्वतंत्र होकर बल्लेबाजी की और शुरूआत अच्छी की। यह हमारे लिए एक अच्छा मुकाबला रहा। इशान कुछ मैचों के बाद खेल रहे थे और मैंने जोखिम लिया था।

### टेस्ट क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है

रोहित ने मैच को लेकर आगे कहा, ष्जब आप रडार में होते हैं तो आपको अपना काम करने की जरूरत होती है। सभी गेंदबाज साथ आए और हमारे लिए बेहतर किया। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में कोई भी टीम किसी को हराने की क्षमता रखती है। कोलकाता नाइट राइडर्स हमारे सामने खेल रहा है और हमें पता है क्या करना है। बता दें कि इशान किशन टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का हिस्सा हैं और उनका जल्दी से जल्दी लय पकड़ना न सिर्फ मुंबई के लिए, बल्कि भारतीय टीम के लिए भी अच्छी बात है। खुद रोहित शर्मा चाहते थे कि वे क्रीज पर समय बिताएं और उन्होंने ऐसा किया भी।

# लगातार छह छक्के लगाकर दुनिया भर में बजाया था डंका

क्रिकेट

## सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए तीन-तीन दावेदारों की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारत में जन्मे अमेरिकी जसकरण मल्होत्रा को बुधवार को सितंबर महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी के लिए नामांकित किया गया है। जसकरण की टक्कर बांग्लादेश के स्पिनर नासुम अहमद और नेपाल के लेग स्पिनर संदीप लामिचाने से है। चंडीगढ़ में पैदा हुए जसकरण उस वक्त सुर्खियों में आए थे, जब वनडे में एक ओवर में छह छक्के जड़ दिए थे। यह कमाल करने वाले वह चौथे खिलाड़ी हैं।

अंडर-19 स्तर पर हिमाचल प्रदेश की कप्तानी करने वाले 31 साल के मल्होत्रा ने नौ सितंबर को ओमान में विश्व कप लीग 2 के एक मैच में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ नाबाद 173 रन की शानदार पारी के दौरान एक ओवर में छह छक्के जड़े थे। उनके नाम पर छह वनडे में 87 के औसत और 104.40 के स्ट्राइक रेट से 261 रन हैं।



दूसरी ओर बांग्लादेश के नासुम अहमद न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के स्टार खिलाड़ी रहे थे, जिसमें प्रतिद्वंद्वी टीम उनकी सटीक लाइन एवं लेंथ के झांसे में आ गई थी। उन्होंने इस श्रृंखला में आठ विकेट चटकाए, जिसमें चौथे मैच में उनका प्रदर्शन 10 रन देकर चार विकेट था। इस प्रदर्शन की बदौलत मेजबान टीम ने न्यूजीलैंड को 3-2 के अंतर से पराजित कर दिया था।

नेपाल के संदीप लामिचाने अपने छोटे से करियर में अब तक अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित कर चुके हैं। सितंबर के महीने में भी उनका शानदार प्रदर्शन जारी रहा जिसमें वह विश्व कप लीग 2 में बेहतरीन गेंदबाज रहे। छह वनडे में उन्होंने 18 विकेट चटकाये और उन्होंने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 11 रन देकर छह विकेट लेकर सभी का ध्यान खींचा। महिलाओं में इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट, उनकी हमवतन चार्ली डीन और दक्षिण अफ्रीका की लिजली ली को माह की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए नामांकित किया गया है। चार्ली डीन न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाली गेंदबाज रहीं। उन्होंने 10 विकेट झटके थे। इससे इंग्लैंड ने श्रृंखला में 4-1 से जीत हासिल की।


इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 214 रन जोड़े जिसमें पहले और चौथे वनडे में क्रमशरू 89 और 101 रन की पारियां खेलीं। उन्होंने तीन विकेट भी झटके। लिजली ली कैरेबियाई सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 248 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं।

# टी20 विश्व कप 2021 के वार्मअप मैचों के शेड्यूल का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 14 वां संस्करण अपने चरम पर है और इसके ठीक बाद क्रिकेट के फैंस को एक और मेगा इवेंट का मजा मिलने वाला है। यूएइ में बहुप्रतीक्षित टी20 विश्व कप आइपीएल के ठीक बाद शुरू हो रहा है। इसके क्वालीफाइंग दौर के मैचों में आठ टीमें 17 से 22 अक्टूबर तक भिड़ेंगी, लेकिन इससे पहले सभी टीमें वार्म-अप मैच खेलने उतरेंगी, जिसका शेड्यूल सामने आ गया है।

शीर्ष आठ टीमें पहले ही सुपर 12 दौर के लिए क्वालीफाइ कर चुकी हैं और इस अवधि के दौरान वे टीमें अभ्यास मैचों के साथ मैदान में उतरेंगी। उसी के लिए कार्यक्रम की घोषणा इंटरनेशनल



क्रिकेट काउंसिल यानी आइसीसी द्वारा की गई है। हालांकि, वार्मअप मैच केवल दो दिन यानी 18 और 20 अक्टूबर को खेले जाएंगे, जिसमें प्रत्येक दिन चार-चार मैच होंगे। 23 अक्टूबर से शुरू हो रहे सुपर 12 राउंड से पहले हर टीम को दो-दो मैच खेलने होंगे।

**भारत का सामना इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया से होगाः** विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम इंडिया अपने अभ्यास मैचों में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी, जो दोनों पक्षों की ताकत को देखते हुए विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम के लिए अच्छा मौका है। सुपर 12 के दौर में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने से पहले पाकिस्तान को गत चौंपियन वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से चुनौती मिलेगी।

आस्ट्रेलिया अपने अन्य अभ्यास मुकाबले में न्यूजीलैंड से भी भिड़ेगा, जबकि इंग्लैंड की टीम का सामना भी न्यूजीलैंड से ही होगा। विश्व कप 2019 के फाइनलिस्ट दोनों टीमों के पास अभ्यास करने का अच्छा मौका है। कुल मिलाकर, दुबई और अबू धाबी की मेजबानी में दो दिनों में 8 मैच खेले जाएंगे। यह पुष्टि भी हो गई है कि स्टार स्पोर्ट्स 17 अक्टूबर से मुख्य टूर्नामेंट के अलावा भारत के अभ्यास मैचों का प्रसारण करेगा।

## मालिकों ने खुद ही किया योजना का खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी का भविष्य चेन्नई सुपर किंग्स के साथ क्या है, इसका खुलासा उन्होंने खुद भी किया है और अब सीएसके के मालिकों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि धौनी अगले साल भी चेन्नई की टीम का हिस्सा होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स का मालिकाना हक इंडिया सीमेंट्स के पास है और इंडिया सीमेंट्स ने साफ किया है कि फ्रेंचाइजी आइपीएल 2022 के लिए एमएस धौनी को रिटेन करने वाली है।

इंडिया सीमेंट्स की ओर आए बयान को क्रिकबज ने कोट करते हुए लिखा, हम एमएस धौनी को आइपीएल 2022 के लिए रिटेन करने जा रहे हैं, वह अगले साल वहां रहेंगे और शायद कुछ और साल। अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है, उन्होंने कहा कि प्रशंसक चेन्नई में उनका विदाई मैच देख सकते हैं। यह निष्कर्ष निकालने का कोई तरीका नहीं है कि अगला साल उनका आखिरी साल है। धौनी ने बस इतना कहा था कि फैंस उनको चेन्नई में फेयरवेल मैच खेलते देखना चाहते हैं। आपको बता दें, आइपीएल 2022 में 10 टीमें खेलने वाली हैं।

## न्यूज डायरी



### भारतीय विकेटकीपर नहीं करता सपोर्ट तो आज भी आर्किटेक्ट होते वरुण चक्रवर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती आज क्रिकेट की दुनिया के उभरते सितारों में गिने जा रहे हैं, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब इस खिलाड़ी के सितारे गर्दिश में थे। हालांकि, खुद के दम पर उन्होंने थोड़ा बहुत मुकाम बनाया, लेकिन वे ज्यादा सफल नहीं हुए। यहां तक कि आइपीएल 2019 के आक्शन में उनको 20 लाख की बेस प्राइस के बावजूद 8.4 करोड़ में पंजाब किंग्स ने खरीदा था, लेकिन उस सीजन में वे एक मैच खेल पाए थे। अगले साल जब कोलकाता ने उन्होंने 4 करोड़ में खरीदा तो उन्होंने 13 मैचों में 17 विकेट चटकाए थे। वरुण चक्रवर्ती अगर आज क्रिकेटर नहीं होते तो आर्किटेक्ट होते, क्योंकि उन्होंने इसी की पढ़ाई की। पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट खेली और फिर पढ़ाई के लिए क्रिकेट छोड़ दी। पढ़ाई पूर कर ली तो फिर से उन्होंने क्रिकेट को अपनाया, लेकिन इस बार उन्होंने नौकरी करना भी उचित समझा और एक आर्किटेक्ट फर्म के साथ जुड़े।

### टॉस और पिच का नहीं, हमारी गलती ज्यादा हैः कुमार संगकारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के हाथों करारी हार के लिए अपनी टीम को दोषी ठहराया और कहा कि टॉस और पिच को इसके लिए दोष नहीं दिया जा सकता। जिम्मी नीशाम और नाथन कूल्टर नाइल ने बेहतरीन गेंदबाजी करके रॉयल्स की टीम को नौ विकेट पर 90 रन ही बनाने दिए। मुंबई ने इशान किशन के 25 गेंदों पर नाबाद 50 रन से आठ विकेट से जीत दर्ज करके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें जीवंत रखीं। संगकारा से पूछा गया कि क्या टॉस ने अहम भूमिका निभायी, उन्होंने कहा, 'आप ऐसा कह सकते हैं। हम यहां शारजाह में नहीं खेले थे और अन्य मैचों को देखने के बाद ऐसा लग रहा था कि आज यह थोड़ा बेहतर है और संभवतः इसमें थोड़ी तेजी है।' उन्होंने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'लेकिन जब आपको केवल 90 रन का बचाव करना होता है तो यह मुश्किल होता है।

### नीरज चोपड़ा का स्टाइल देखकर आप भी कहेंगे वाह!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नीरज चोपड़ा ने तोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया था। भारत के इस युवा खिलाड़ी ने न सिर्फ अपने खेल से बल्कि स्टाइल से भी लोगों का दिल जीत लिया। नीरज को फिल्मों में काम करने के सुझाव मिलने लगे। विज्ञापन में भी वह नजर आए। अब यह हरियाणे का छोरा फैशन इंडस्ट्री में अपने जलवे बिखेरने को तैयार है। नीरज ने मशहूर डिजाइनर रोहित बल के आउटफिट्स में फोटोशूट करवाया है और इसकी तस्वीरें भी साझा की हैं। नीरज की स्माइल और स्टाइल ने लोगों के दिलों को जीत लिया। वह अपने ठेठ- देसी अंदाज में बात करते तो फैंस के चेहरे पर मुस्कान हो जाती। नीरज मुस्कुराते-मुस्कुराते हिंदी में जवाब देते तो लोग उन्हें देखते रहे। वह गांव की मिट्टी से निकलकर ओलिंपिक पोडियम तक पहुंचे। अब उन्होंने फैशन डिजाइनर रोहित बल के आउटफिट्स में शूट करवाया है।

### हम अच्छे रनरेट के साथ जीतने के इरादे से ही उतरे थेः रोहित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। राजस्थान रॉयल्स को दस ओवर से भी अधिक शेष रहते आठ विकेट से हराने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम बेहतर रनरेट को ध्यान में रखकर इसी अंदाज में मैच जीतने के इरादे से उतरी थी। जीत के लिए 91 रन का लक्ष्य मुंबई ने 8.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। अब वह 13 मैचों में 12 अंक लेकर प्लेऑफ के चौथे स्थान के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ दौड़ में बनी हुई है। केकेआर रनरेट के आधार पर चौथे स्थान पर है जबकि मुंबई इस जीत के बाद पांचवें स्थान पर है। दोनों को एक एक मैच और खेलना है।